एक पेड मां के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

भाजपा जिला अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारियों ने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करते हुए उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

करौली (नि.स.) भाजपा जिला अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारियों ने एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण करते हुए उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी एवं राजस्थान भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रक्षा भंडारी

■ **51 पौधे लगाकर पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया**

के निर्देश पर एक पेड मां के नाम कार्यक्रम की प्रभारी श्रीमती राधा भारद्वाज,सह प्रभारी श्रीमती अंजू मिश्रा के निर्देशानुसार एक पेड माँ0 के नाम से भाजपा जिला अध्यक्ष बृजलाल डिकोलिया,जिला संयोजक विद्या वैष्णव,महिला मोर्चा करौली,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण चौधरी के नेतृत्व में करौली जिले की सपोटरा विधानसभा क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानो,पार्क,खाटू श्याम जी मंदिर प्रांगण आदि पर 51 पौधे लगाकर पौधों की रक्षा करने का संकल्प लिया। साथ में सपोटरा,देहात, कुडगांव, महमदपुर आदि से मेघा, स्वाति नीतू, बानो, कैलाशी, पिस्ता,गुड्डी,रेखा, राजकुमारी,अन्नपूर्णा, अंजलि,माला, शोभा,संतोष,हेमलता, शिमला, प्रियंका, रामकली,गीता आदि महिला टीम के साथ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा शहर मंडल करौली अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में भाजपा शहर मंडल कि ओर से भारतीय जन संघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधानसभा संयोजक एवं एक पेड़ मां के नाम के जिला संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी रहे। शिकारगंज शक्ति केंद्र पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया इसमें सैकड़ो पौधे लगाये गये इस दौरान मंडल महामंत्री आशीष जैन,शक्ति केंद्र संयोजक धन सिंह माली, बूथ अध्यक्ष दिनेश माली,मुकेश माली,जितेंद्र माली,मुकेश कुशवाहा,डूंगर सिंह,रविराज गुर्जर, एडवोकेट कपिल देव पाराशर,पंडित अशोक शर्मा,श्रीकांत,गोपाल शर्मा एडवोकेट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

करौली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पौधा मां के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया ।

मां के नाम से पेड़ लगाने का लिया प्रण

भरतपुर (निस)। सर्व ब्राह्मण महासभा के जिला कार्यालय चिचाना हाऊस पुष्प वाटिका कॉलौनी, भरतपुर पर जिलाध्यक्ष ताराचंद शर्मा चिचाना की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम महामंत्री भोगीराम शर्मा द्वारा यह प्रस्ताव रखा गया कि बरसात का मौसम है। इस समय पर्यावरण सुधार संबंधी बिन्दु पर विचार विमर्श किया जाएगा। विचार विमर्श के बाद वरिष्ट उपाध्यक्ष मुनेन्द्र शर्मा आदि ने एक मत होकर कहा कि पेड लगाने का अभियान चलाया जाना चाहिए और यह निरन्तर बरसात के मौसम में चलाना चाहिए। जिलाध्यक्ष ताराचन्द शर्मा चिचाना ने कहा कि हम सभी को मां के नाम एक पेड लगाने का संकल्प अभी लेना चाहिए और हो सके तो प्रतिदिन एक पेड का एक पेड को मां के नाम से अवश्य लगाना चाहिए। सभी ने एक मत से प्रस्ताव का समर्थन किया और संकल्प भी लिया कि सभी मां के नाम से एक पेड अवश्य लगायेंगे। इसी के साथ पौधारोपण अभियान भी शुरू किया। बैठक में जिलाध्यक्ष ताराचंद शर्मा चिचाना ,जिला महामंत्री भोगीराम शर्मा, शहर अध्यक्ष शिवम लवानिया, उपाध्यक्ष हेमराज शर्मा, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, शहर महामंत्री सागर चतुर्वेदी, शहर उपाध्यक्ष, अंकुर टोंटपुर, उपाध्यक्ष मुनेन्द्र शर्म, शहर मंत्री एड. भानू शर्मा आदि उपस्थित रहे।

मजदूरों की घर वापसी शुरु

भरतपुर, (निसं)। एनसीआर क्षेत्र में संचालित ईंट-भट्टों पर इस साल मात्र 122 दिन काम चला और बंद हो गया और 60 प्रतिशत से अधिक ईंट-भट्टों से श्रमिकों की घर को वापसी हो गई, शेष ईंट-भट्टों से भी धीरे-धीरे श्रमिकों का जाना जारी है। ये श्रमिक अपने परिवार सहित देश के कई राज्यों से दशहरा से दीपावली पर्व के आसपास आते हैं और गुरू पूर्णिमा से रक्षाबन्धन पर्व तक अपने घरों को लौट जाते हैं। जब ये गांव व घर से आते हैं और 7 से 8 माह के बाद लौटते हैं, तो सभी के चेहरे पर खुशियां नजर आती है, जिन्हे ईंट-भट्टा मालिक, मुनीम व अन्य कर्मचारी श्रमिकों के द्वारा किए गए कार्य का हिसाब कर मिष्ठान व वस्त्र देकर निजी वाहनों में सवार कर रवाना करते हैं। अधिकांश श्रमिकों के मुख से एक ही वाक्या सुनने को मिलता है कि आ अब लौट चले। ये भले ही एक फिल्म का नाम है, ईंट-भट्टों से लौट रहे श्रमिकों के दृश्य पर सटीक साबित हो रहा है। भरतपुर जिले के उपखण्ड वैर, नदबई, भुसावर, नगर तथा पड़ौसी जिले अलवर के उपखण्ड कठूमर, लक्ष्मणगढ़ एवं दौसा जिले के उपखण्ड महवा, मण्डावर, करौली जिले के उपखण्ड टोडाभीम में करीब 300 से अधिक ईंट-भट्टे संचालित हैं। भरतपुर जिले में कस्बा हलैना, नदबई, गांव बेरी, रामनगर, नसवारां, हन्तरा, सरसैना, ईरनियां, अरोदा, बुढवारी, भदीरा, नामखेड़ा, करीली, ऊंच, कबई, रौनिजा आदि गांवों पर 125 से अधिक ईंट-भट्टे हैं। ईंट भट्टा संचालक चंचल जिन्दल व सतीश जिन्दल ने बताया कि भरतपुर जिला एनसीआर क्षेत्र में आता है। जिले के वैर, नदबई, भुसावर व नगर उपखण्ड क्षेत्र में ही ये भट्टे संचालित हैं। जहां ये भट्टे लगे हुए हैं, वहां से दिल्ली की दूरी करीब 250 किमी है और ताजमहल की दूरी करीब 75 किमी है। दिल्ली से दौसा, अलीगढ़, मथुरा की दूरी करीब 120 किमी से 200 किमी होगी।

नकदी व जेवरात ले गये चोर

धौलपुर । धौलपुर शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में पेच वाले हनुमान जी मंदिर के ठीक पीछे चोर ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोर ने एक सरिए के जरिए मकान के पांच तालों को तोड़कर 12 हजार रूपए की नगदी के साथ करीब ढाई लाख रुपए के गहनों को पार किया है। घर वालों के आने की आहट सुनते ही चोर पीछे के गेट से भाग निकला। घटना को लेकर पीड़ित मकान मालिक वीरेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि उनका परिवार घर की एक महिला का जन्मदिन मनाने के लिए रेस्टोरेंट पर गया हुआ था। रेस्टोरेंट पर जाने के बाद एक चोर ने उनके घर में घुसने के लिए एक के बाद एक पांच ताले तोड़ दिए। जिसके बाद चोर घर के अलग-अलग कमरों में रखे करीब 12 हजार रुपए की नगदी के साथ ढाई लाख रुपए के सोने और चांदी के आभूषणों को चुरा ले गया। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई।

पार्क में किया वृक्षारोपण

भरतपुर (निस)। एसटीसी हाउसिंग बोर्ड के एस ब्लॉक पार्क में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत यहां के निवासियों ने परिवार सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गये।

वृक्षारोपण अभियान के तहत् पार्क में हरसिंगार, गुडहल, चम्पा, गुलदाउदी, सहजना, गुलमोहर, बोटल बुरश सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाये। इनमें कृष्ण कुमार शर्मा एवं उनकी पत्नी शशिप्रभा शर्मा ने चम्पा एवं बोटल ब्रुश के पौधे लगाये। इसी प्रकार मुरारी लाल, उनकी पत्नी मंजू सैनी व पौत्र राजदीप सैनी ने हरसिंगार, सहजना, गुडहल के पौधे, पिंकी भारद्वाज एवं पुत्री फाल्गुनी भारद्वाज ने पारस पीपल, गुडहल, अमलताश एवं कन्नेर के पौधे रोपे। वहीं गौरव शर्मा ने हरसिंगार व गुलमोहर, बृजेश चौहान ने पारस पीपल, चम्पा, ओमेन्द्र सिंह ने गुलमोहर, सहजना के पौधे लगाये एवं सभी ने पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधों की नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी ली। इस अवसर पर बताया गया कि हर व्यक्ति को चाहिए कि वह अधिक से अधिक पेड़ लगायें तभी हमारी भावी पीढियां सुरक्षित एवं संरक्षित रह सकेंगी।

एसटीसी हाउसिंग बोर्ड के एस ब्लॉक पार्क में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए।

बजरी से भरे ट्रोला की टक्कर से बाइक सवार घायल

गंगापुर सिटी । बजरी से भरे ट्रॉला की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं, उसकी भाभी गंभीर घायल हो गई। मुआवजे की मांग को लेकर परिजन अस्पताल के बाहर धरने पर बैठ गए। पुलिस ने समझाइश कर धरना समाप्त कराया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। आरोपी ट्रॉला ड्राइवर को पुलिस ने डिटेन कर लिया। हादसा गंगापुर सिटी के सदर थाना क्षेत्र के बडी उदेई के पास रविवार दोपहर को हुआ। बडी उदेई गांव निवासी ईश्वर सिंह राजपूत पुत्र चुन्नी लाल सुबह साढे 11 बजे अपनी भाभी रीना को बाइक से गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल में दिखाने के लिए जा रहा था। इस दौरान गंगापुर सिटी की ओर से नादौती की ओर जा रहे बजरी से भरा ट्रॉला ने बडी उदेई के पास अली की कोठी के समीप ईश्वर सिंह की बाइक को टक्कर मार दी। जिससे ईश्वर सिंह राजपूत की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उसकी भाभी घायल हो गई। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड जमा हो गई। हादसे के बाद ट्रॉला ड्राइवर मौके से फरार हो गया। ग्रामीणों ने शहर चौकी को सूचना दी। जिस पर पुलिस ने नाकाबंदी कर ट्रॉला को शहर चौकी के पास पकड लिया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस 108 घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ईश्वर को मृत घोषित कर दिया। जबकि भाभी रीना को जिला अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार चल रहा है घटना से आक्रेशित ग्रामीणों व परिजनों ने जिला अस्पताल के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और धरने पर बैठ गए। ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। सूचना पर सदर थाना पुलिस व कोतवाली थाना पुलिस, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी अस्पताल में पहुंचे और समझाइश की।

बलात्कार का आरोपी गिरफ्तार

करौली, (निसं)। करौली महिला थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका के अपहरण एवं बलात्कार करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

महिला थाना अधिकारी मंजू फौजदार ने बताया कि करौली सदर थाना क्षेत्र निवासी एक महिला ने 19 जून को अपनी पुत्री को बहला फुसला कर ले जाने व बलात्कार करने के संबंध में एक रिपोर्ट पेश की थी। प्रकरण महिला अत्याचार संबंधी होने पर तुरंत कार्यवाही करते हुए मामला पोक्सो एक्ट में दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश हेतु थाने के सब उपनिरीक्षक रामनिवास के नेतृत्व में टीम गठित की गई। गठित टीम के द्वारा आरोपी के मकान एवं संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही थी।

शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा

नदबई (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम उप शाखा नदबई की कार्यकारिणी की बैठक जनूथर रोड स्थित लड्डू हनुमान जी मंदिर पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह जिलेदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री यादव चंद लवानियाँ और जिला मंत्री अशोक कुमार लवानियाँ रहे। बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रदेश संगठन मंत्री यादव चंद लवानियाँ ने बताया कि सभी संवर्गों की डीपीसी करना, पारदर्शी स्थानांतरण करना, ग्रामीण क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को 10: अतिरिक्त मानदेय, बीएलओ को गैर शैक्षिणक कार्य से मुक्त रखना, सभी संवर्गों को चार एसीपी लाभदेय 7,14,21,28 वर्ष पूर्ण करने पर, शिक्षकों की ऑनलाइन निर्भरता को देखते हुए कक्षा कक्ष से बाहर आवश्यकता पड़ने पर फोन की अनुमति प्रदान करने, पीईईओ, यूसीईईआ को 10 प्रतिशत अतिरिक्त मानदेय, शिक्षकों के समस्त पदों को भरने सहित विभिन्न मुद्दों की मांग रखी गई। इसके साथ ही संगठन की सदस्य बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर ब्लॉक मंत्री अंकुर जिंदल, कोषाध्यक्ष कपिल लवानियाँ, रामविजय फौजदार, हनुमान गुर्जर, ललितेश लवानियाँ, रामजीलाल सहित पदाधिकारी मौजूद थे।

स्कूल बसों की जॉच कर चालकों को किया पाबंद

करौली (नि.स.)। करौली जिले में ओवरलोडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने और स्कूल बस में क्षमता से अधिक विद्यार्थियो को बिठाने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ है। सपोटरा थाना पुलिस ने उपजिला कलेक्टर कार्यालय के सामने नाकाबंदी कर करीब 18 से अधिक स्कूल बसों की जांच की। जांच कर बस ड्राइवर,कंडक्टर और स्कूल संचालकों से समझाइश की। साथ ही स्कूल बस में क्षमता से अधिक विद्यार्थियो को नहीं बिठाने की हिदायत दी। सपोटरा थाना अधिकारी अनिल कुमार गौतम ने बताया कि वाहनों में क्षमता से अधिक सवारी के बैठने के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। दुर्घटनाओं में प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग अपनी जान गंवाते हैं। ऐसे में आमजन को जागरूक करने और सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली मौतो को रोकने के लिए पुलिस की ओर से अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य आमजन को जागरूक करना और ओवरलोडिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकना है। अभियान के दौरान सपोटरा उपजिला कलेक्टर कार्यालय के सामने स्कूल वाहनों कि जांच कर उनमें बैठे छात्र-छात्राओं की संख्या की गिनती की। गिनती के साथ वाहन की क्षमता से अधिक छात्र-छात्राओं के बैठे मिलने पर बस चालक-परिचालक,विद्यालय संचालको को क्षमता से अधिक विद्यार्थी नही बैठाने कि हिदायत दी है।

सनातन संस्कृति ही विश्व में सबसे श्रेष्ठ : गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह

मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने देश व राज्य की खुशहाली की कामना की

गंगापुर सिटी । गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग के मा. राज्यमंत्री श्री जवाहर सिंह बेढम रविवार को श्री जगदीश धाम मन्दिर ट्रस्ट में आयोजित लक्खी मेले में भाग लेने नादौती के कैमरी आए। इस दौरान उन्होंने भगवान श्री जगदीश के दर्शन कर आरती की और प्रदेश में खुशहाली और समृद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पुजारी मनोज कुमार शास्त्री एवं श्रीजगदीश मंदिर विकास समिति के पदाधिकारिओं, सदस्यों एवं आमजन द्वारा राज्यमंत्री का भव्य स्वागत किया गया। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सनातन संस्कृति ही विश्व में सबसे श्रेष्ठ है और इस संस्कृति के संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार संकल्पित है। उन्होंने बताया कि हमारा सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों, शास्त्रों, पुराणों और सनातन संस्कृति एवं संस्कार में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती। इस दौरान गृह राज्यमंत्री ने श्री जगदीश धाम मन्दिर ट्रस्ट को पच्चीस पंखे भेंट करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यहाँ इस प्रांगण में आधे घंटे से मैं भी बैठा हूँ, हमारे बडे-बुजुर्ग, माता-बहने और भाई सभी बैठें है, इसमें पंखों की विशेष आवश्यकता महसूस हो रही है और मैं पच्चीस पंखे भगवान जगदीश जी के चरणों में भेंट करने की घोषणा करता हूँ जिससे भविष्य में कोई भी कार्यक्रम हो तो सभी हवा में बैठकर कार्यक्रम का आनंद प्राप्त कर सके। साथ ही कैमरी में पुलिस चौकी स्थापित कराने का भी उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि देवनारायण छात्रावास के लिए जो आपने कहा है उसके लिए कल ही जाकर के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के केबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत से बात कर प्रयास करेंगे कि यहाँ भी देवनारायण छात्रावास स्थापित हो सके। इस अवसर पर प्रधान श्रीमती गरिमा गुर्जर, सरपंच श्रीमती कमलेश खटाना, श्रीजगदीश मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष घनश्याम खटाना, सचिव रामविलास खटाना सहित अन्य पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।



गंगापुर सिटी के कैमरी गांव में राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम का स्वागत सम्मान किया।

करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

धौलपुर। धौलपुर जिले के कंचनपुर थाना क्षेत्र के सादपुरा गांव में करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। युवक घर से पशुओं के लिए चारा लेने खेतों की ओर जा रहा था। जहां रास्ते में विद्युत ट्रांसफार्मर से आए करंट की चपेट में आ गया। घटना के बाद स्थानीय लोग युवक को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

घटना को लेकर मृतक के साथ जिला अस्पताल पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि 28 वर्षीय युवक दामोदर पुत्र रामजीलाल रविवार सुबह घर से पशुओं के लिए चारा लेने खेतों की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में बारिश की वजह से ट्रांसफार्मर नीचे करंट आने से वह मौके पर अचेत हो गया। इसके बाद स्थानीय लोग युवक को लेकर जिला अस्पताल धौलपुर पहुंचे। जहां इमरजेंसी में ड्यूटी डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई। जिस सूचना पर चौकी पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा कर कंचनपुर थाना पुलिस को सूचना दी है। कंचनपुर थाना प्रभारी शैतान सिंह ने बताया कि परिजनों द्वारा तहरीर दिए जाने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। जिसकी रिपोर्ट आने के बाद हादसे के कारणों की जांच की जाएगी।

सार-समाचार

मार्शल आर्ट्स की शाखा शुरु

भरतपुर (निस)। काली की बगीची स्थिति ड्रैगन वॉरियर्स मार्शल आर्ट्स अकादमी की द्वितीय शाखा का शुभारंभ सांता किड्ज स्कूल रंजीत नगर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि जिला खेलो इंडिया संयोजक 'यश अठावाल' एवं विशिष्ठ अतिथि एडवोकेट श्रीनाथ, सूबेदार बच्चू सिंह, विद्यालय संचालक चंदेश, जिला हपकिडो संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र फौजदार मोरोली, अकादमी संचालक शिवम कुमार, अकादमी सदस्य सूरजभान, खिलाडी कोमल, विनय, दयाराम, खुशी, आरूषि आदि अभिभावकगण मौजूद रहे।

विधायक को ज्ञापन दिया

भरतपुर (निस)। संयुक्त संघर्ष समिति द्वारा जलदाय विभाग के तकनीकी कर्मचारियों को राज एस.एस.ओ. ऐप पर मोबाइल द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति से मुक्त कराने हेतु मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार एवं मंत्री जन स्वाअभि विभाग राज सरकार के नाम भरतपुर क्षेत्र के विधायकों बहादुर सिंह कोली विधायक वैर एवं डॉ. शैलेष सिंह विधायक डीग-कुम्हेर को मुकेश कुमार पाठक अध्यक्ष के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। दोनों विधायकों ने संघर्ष समिति की मांग राज0 सरकार तक पहुँचाने का आश्वासन दिया एवं सरकार द्वारा सकारात्मक कार्यवाही हेतु भरोसा दिलाया। ज्ञापन के समय संघर्ष समिति के प्रकाशचंद शर्मा, दीनदयाल वर्मा, शिवदयाल शर्मा, हुकम सिंह, हरिओम सिंह, अनिल कुमार, दुर्ग सिंह, बच्चू सिंह, रामसिंह सैनी, बनवारी लाल शर्मा,श्रीराम सैनी, पुरूषोत्तम शर्मा, मुकेश सैन आदि उपस्थित रहे।

जांच शिविर 9 को

भरतपुर (निस)। वाकर्स क्लब किला भरतपुर द्वारा निशुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा एवं जांच शिविर 9 जुलाई मंगलवार को कोतवाली के पास डॉ. एच.एन. शर्मा कैम्पस में आयोजित किया जावेगा। संस्था अध्यक्ष प्रकाश मोहन गुप्ता ने बताया कि इस शिविर में नर्वोस्कोप मशीन से रीढ की हडडीयों में दबी हुई नसों की जांच निशुल्क की जावेगी। इस मौके पर कमर दर्द, घुटने का दर्द, लकुवा, हाथ पैरों का काम न करना, मांसपेसियों में खिंचवा आना, फ्रेक्चर या जोड प्रत्यारोपण के बाद जोडों का या मशल्स का जाम होना, कंधे का जाम होना, जन्मजात बच्चों को चलने में या खडे होने में परेशानी होना आदि रोगों का निशुल्क जांच एवं उपचार फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. बी.एन. शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा किया जावेगा।

भरतपुर स्थापना दिवस सोमवार को

भरतपुर (निस)। श्री मित्र भारत समाज संस्थान, भरतपुर का स्थापना दिवस समारोह 8 जुलाई सोमवार को दोपहर 12 बजे से घनश्याम फार्म हाउस, त्यौंगा भरतपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जवाहरसिंह बेढम गृह राज्य मंत्री होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल प्रकाश पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज करेंगे। कार्यक्रम संयोजक श्यामसिंह जघीना के अनुसार यह कार्यक्रम स्वामी हरि चैतन्यपुरी महाराज के सानिध्य में होगा। इसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी भगत सिंह विरहरू, समाजसेवी यश अठावाल, पूर्व प्रधान निहाल सिंह, राष्ट्रीय संरक्षिका लक्ष्मी गुप्ता जयपुर, पूर्व जिला सत्र न्यायाधीश भगवानदास गुप्ता आदि होंगे। इसमें उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाजसेवीयों का सम्मान किया जावेगा व गरीब परिवार की महिलाओं को साडी वितरित की जायेंगी।

जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकली

भरतपुर (निस)। शहर में निकली भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा मंदिर श्री बांके बिहारी जी से एवं मंदिर मदनमोहन टांडा की निकली जिसका भव्य स्वागत सत्कार किया गया। सह संयोजक मोहन मित्तल ने बताया कि बडा बाजार में भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथयात्रा का स्वागत भरतपुर जिला अठावाल महासभा एवं महाराजा श्री अठासेन शोभायात्रा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ठाकुर जी को पुष्पवर्षा, पटका अर्पण कर, मिष्ठान भोग लगाया गया एवं रथयात्रा में चल रहे बन्धुओं को शरवत पिलाया गया एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस मौके पर भरतपुर जिला अठावाल महासभा अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, शोभायात्रा समिति संयोजक सुरेश बंसल, सह संयोजक मोहन मित्तल, विष्णु लोहिया, महेश गोयल सर्राफ, विनोद मेडीकल, सतीश मित्तल, शुभम मित्तल, महेशचंद सिंघल आदि मौजूद रहे।

कार्यालय में किया पौधा रोपण

करौली । करौली में बरखेडा स्थित विद्युत निगम के वृत्त कार्यालय परिसर में विद्युत निगम करौली के अधीक्षण अभियंता जे.एल.मीना ने अशोक का पौधा लगा कर पौधारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। वृत्त कार्यालय परिसर में विभिन्न किस्मों के छाया दार व फूलदार पौधे लगाऐ। इस अवसर पर विधुत निगम करौली के अधिशाषी अभियंता डी. डी. मीना, अधिशाषी अभियंता सर्तकता गोविन्द सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अरविन्द अठावाल,सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेश मीना,योगेश अठावाल,पंकज गुप्ता,शैलेन्द्र मुदगल,कैलाश मीना सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाई जावेगी

करौली (नि.स.)। चिकित्सालय के प्रधान डॉ. नरेश कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज सोमवार को जिला चिकित्सालय फूटाकोट पर निशुल्क स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पिलाई जावेगी। उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन ड्रॉप पुष्प नक्षत्र के दिन पिलाई जाती है आयुर्वेद के अनुसार इस ड्रॉप के सेवन से बालकों की रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और बुध्दिता का विकास होता है। वर्तमान की मौसमी बीमारियों एवं ऋतु परिवर्तन जनित व्याधियों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होकर बीमारियों से बचाव होता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की है कि ड्रॉप पिलाने लाते समय बालक का जन्म प्रमाण पत्र की छाया प्रति साथ लावे और ड्रॉप पिलाने का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें।

वृक्षारोपण किया

भरतपुर (निस)। राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) की ओर से रविवार को हरित पखवाड़ा के अन्तर्गत राजकीय मास्टर आदित्येन्द्र उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण के संरक्षण के लिये प्रत्येक को एक पेड़ लगाने व सिंगल यूज प्लास्टिक बंद करने की सलाह दी गई। इस मौके पर अशोक पाराशर, श्याम सिंह, अनिल भारद्वाज, पवनजी, प्रदेश महामंत्री होतीलाल जैमन व जिलाध्यक्ष केशवदेव शर्मा तथा रोहित चौधरी आदि उपस्थित थे।

रथ यात्रा का स्वागत

भरतपुर (निस)। श्री ब्राह्मण सभा महिला प्रकोष्ठ भरतपुर द्वारा बिहारी जी रथ यात्रा का राम वाटिका पर स्वागत किया गया। जिसमें की जिला अध्यक्ष संगीता शर्मा द्वारा बिहारी जी को माल्यार्पण कर आरती उतारी गई एवं उपाध्यक्ष नीतू शर्मा एवं नेहा शर्मा द्वारा सभी पद यात्रियों का पटका पहनकर स्वागत किया गया। पद यात्रियों को शीतल पेयजल भी वितरित किया गया। मिथिलेश, अदिति, जूही, जाह्नवी आदि महिलाएं उपस्थिति रही।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण आज से

करौली (नि.स.)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजवीर सिंह चौधरी ने बताया कि करौली जिले में 8 से 10 जुलाई तक सरकारी विद्यालयों,महाविद्यालयों में तीन दिवसीय वायु सेना भर्ती में चयन प्रक्रिया के संबंध में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस संबंध में उन्होंने पुलिस अधीक्षक,समस्त उपखंड अधिकारी,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व प्रारंभिक,प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए हैं।

शर्बत वितरण किया

भरतपुर (निस)। भौमिक चैरिटेबल सोसायटी द्वारा रविवार को जगन्नाथ यात्रा के उपलक्ष्य में बिहारी जी मंदिर किला में शर्बत वितरण का पुनीत कार्य किया गया। इस अवसर पर विजय दीक्षित, अमित गुप्ता, अनिल बंसल, राजेश कासिनवार, भौमिक सिंह रहे। कार्यक्रम के अन्त में सोसायटी सचिव गिरीश कासिनवार ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

एबीवीपी की बैठक सम्पन्न

करौली (नि.स.)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला करौली की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। जिला संयोजक योगेन्द्र डागुर शेरपुर ने बताया कि जिला बैठक में प्रवास पर डॉ.धर्मवीर सिंह एवं विभाग संगठन मंत्री अनिरुद्ध का प्रवास रहा जिसमें आगामी कार्यक्रम 9 जुलाई विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस कार्यक्रम,नगर कार्यकारिणी गठन,सदस्यता अभियान,तिरंगा अभियान, आदि कार्यक्रमों को लेकर बैठक हुई।